तापमान

अधिकतम 36.0 डिग्री
न्यूनतम 26.0 डिग्री

हरिभूमि
# रायगढ़-जशपुर भूमि

बिलासपुर, मंगलवार 30 सितंबर 2025

[ खरसिया | सारंगढ़ | घरघोड़ा | धरमजयगढ़ | पुसौर | बरमकेला | लैलूंगा | तमनार ]



4 दिव्यांग बच्चों लिए वरदान बना उम्मीद संस्थान, 34 बच्चों की कर रहे सेवा





बवासीर का आधुनिक इलाज
अत्याधुनिक लेजर मशीन द्वारा
भर्ती की आवश्यकता नहीं
मरीज सुबह आकर शाम को घर जा सकता है
स्व. डॉ. सत्यप्रकाश गुप्ता मेमोरियल हॉस्पिटल लायंस चौक, चाम्पा
गुप्ता हॉस्पिटल
डॉ. शुभम् गुप्ता
गुदा रोग विशेषज्ञ
संपर्क करें
7400009183


## खबर संक्षेप

### गांजा तस्करी कर रहे आरोपी से 900 ग्राम गांजा बरामद

**रायगढ़।** जिले में मादक पदार्थों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में कोतरारोड़ और पूंजीपथरा पुलिस ने लुक छिप कर गांजा बिक्री करने वाले व्यक्तियों पर कार्यवाही किया गया, पुलिस ऐसे तत्वों पर निगाह रखे हुए है। कार्यवाही के अनुसार कल 28 सितंबर को थाना प्रभारी कोतरारोड़ निरीक्षक मोहन भारद्वाज के नेतृत्व में पुलिस टीम ने ग्राम कौवाताल निवासी गांजा तस्कर को 900 ग्राम गांजा के साथ पकड़कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है। जानकारी के अनुसार थाना प्रभारी को मुखबिर से सूचना मिली थी कि ग्राम कौवाताल निवासी श्यामसुन्दर साहू गांजा से भरा थैला लेकर बिक्री के लिए जूटमिल रायगढ़ की ओर जा रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए ओवरब्रिज कोसमनारा के पास घेराबंदी की। कुछ देर बाद मुखबिर के बताए अनुसार एक व्यक्ति कपड़े का थैला दबाए पैदल आता दिखाई दिया, जिसे रोककर पूछताछ करने पर उसने अपना नाम श्यामसुन्दर साहू पिता स्कबर साहू उम्र 70 वर्ष निवासी कौवाताल थाना कोतरारोड़ बताया। तलाशी लेने पर उसके थैले से कुल 900 ग्राम गांजा बरामद हुआ, जिसकी कीमत लगभग 9 हजार रुपये है। गांजा की पहचान व तौल कर पुलिस ने उसे शीलबंद कर कब्जे में लिया और आरोपी को नोटिस देकर कार्यवाही की जानकारी देते हुए गिरफ्तार किया।

### 40 लीटर महुआ शराब के साथ आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** जूटमिल पुलिस ने ग्राम नेतनागर में कार्रवाई करते हुए अवैध शराब बनाने के मामले में एक आरोपी को दबोचकर रिमांड पर भेजा है। पुलिस को सूचना मिली थी कि ग्राम नेतनागर छोटे तालाब मेडपार में अंकित कुमार सेठ हाथ भट्टी से महुआ शराब बनाकर अवैध बिक्री की तैयारी कर रहा है। सूचना पर पुलिस टीम ने मौके पर दबिश दी जहां आरोपी शराब बनाते हुए पकड़ा गया। पूछताछ में उसने अपना नाम अंकित कुमार सेठ पिता एकादसिया सेठ 29 वर्ष निवासी नेतनागर मिरधा पारा थाना जूटमिल बताया। आरोपी के पास से 15 लीटर और 5 लीटर क्षमता वाले प्लास्टिक डिब्बों में करीब 40 लीटर महुआ शराब बरामद हुई, जिसकी कीमत लगभग 8 हजार रुपये है। आरोपी शराब बनाने का कोई वैध लाइसेंस अथवा दस्तावेज प्रस्तुत नहीं कर सका, जिसके बाद पुलिस ने शराब को सीलबंद कर कब्जे में लिया। वहीं शराब बनाने में प्रयुक्त मिट्टी का चूल्हा, दो नग सिल्वर बर्तन और प्लास्टिक पन्नी को मौके पर ही गवाहों की मौजूदगी में नष्ट कर पंचनामा तैयार किया गया।

### अभ्यर्थियों के लिए प्रशिक्षण शिविर

**रायगढ़।** शासन की महत्वाकांक्षी अग्निवीर योजना के तहत लिखित परीक्षा में सफल अभ्यर्थियों को आगामी फिजिकल टेस्ट की तैयारी हेतु पुलिस विभाग द्वारा विशेष प्रशिक्षण प्रदान किया जाएगा। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निर्देशों के अनुपालन में जिला प्रशासन और जिला पुलिस इस वर्ष भी प्रशिक्षण शिविर का आयोजन कर रहे हैं। कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी और पुलिस अधीक्षक दिव्यांग कुमार पटेल के मार्गदर्शन में आयोजित इस शिविर में अभ्यर्थियों को निशुल्क रहने-खाने की सुविधा के साथ पुलिस ट्रेनर्स द्वारा शारीरिक दक्षता की पूर्ण ट्रेनिंग दी जाएगी। प्रतिभागियों को प्रशिक्षण के दौरान आवश्यक उपकरण और कीट भी निरूशुल्क उपलब्ध कराए जाएंगे। शिविर का उद्देश्य युवाओं को शारीरिक और मानसिक रूप से सशक्त बनाकर अग्निवीर योजना में अधिकतम चयन सुनिश्चित करना है।

## नवरात्रि में भीड़ से सड़कों पर बढ़ा ट्रैफिक का दबाव, लोग हो रहे हलाकान और परेशान

# 5 मिनट का रास्ता तय करने में लग रहे 20 मिनट, शहर में चारों तरफ जाम ही जाम...

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

नवरात्रि में जनसैलाब उमड़ने से शहर की सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव बढ़ गया है। चारों दिशाओं में जाम ही जाम होने से 5 मिनट का रास्ता तय करने में 20 मिनट या उससे अधिक समय लग जा रहा है। इधर रोजाना जाम में फंसने से लोग हलाकान और परेशान हैं।

दरअसल नवरात्रि का पर्व जहां पूरे शहर में धार्मिक उत्साह और आस्था का माहौल लेकर आया है तो वहीं दूसरी तरह शहर में उमड़ने वाली भीड़ से शहर की यातायात व्यवस्था पूरी तरह चरमरा गई है। त्योहार में खरीददारी करने आने वाले लोगों की भीड़ और दुर्गा प्रतिमाओं के पंडालों की स्थापना के कारण शहर की सड़कों पर दिनभर भीड़ का आलम बना रहता है। जिससे शहर के गौरीशंकर मंदिर मार्ग, गोपी टाकीज मार्ग, रविशंकर शुक्ल मार्केट, एमजी रोड, सुभाष चौक से स्टेशन रोड, एसपी ऑफिस के सामने, श्याम टाकीज से कार्गिल चौक मार्ग, सुभाष चौक से कोतवाली व हंडी चौक मार्ग, लाल टंकी मार्ग, पैलेश रोड में हर वक्त पग-पग पर जाम लग रहा है। इस जाम में फंस कर लोगों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है।



त्यौहारी सीजन होने के कारण शहर में जाम की स्थिति निर्मित हो रही है, लेकिन जाम हटाने व शहर की ट्रैफिक व्यवस्था को सुव्यवस्थित करने के लिए जवानों की तैनाती की गई है। हमारे द्वारा वाहनों के आवागमन, प्रतिबंध और डाइवर्ट को लेकर रूट चार्ट भी बनाया जा रहा है, जिसे जल्द ही लागू किया जाएगा।

उत्तम प्रताप सिंह
ट्रैफिक डीएसपी।

### दुकानों के सामने खड़े वाहनों से भी लग रहा जाम

वर्तमान में शहर में मिठाई और सजावटी सामानों की दुकानें सजी हुई हैं। यहां खरीददारी करने आने वाले लोग अपनी वाहन सड़क पर ही खड़ी कर देते हैं, क्योंकि दुकानों के सामने पार्किंग की कोई व्यवस्था ही नहीं है। ऐसे में उक्त स्थान पर लंबा जाम लग रहा है, जिसे हटाने में ट्रैफिक जवानों के भी पसीने छूट जा रहे हैं। खास कर जहा पंडाल बने हुए हैं, वहां लोग सड़क पर ही वाहन में खड़े होकर भव्य पंडाल की सुदंरता का आनंद लेने लग जाते हैं, इस कारण भी जाम लग रहा है।

### संकरी सड़कों से जाम हटाने पुलिस के भी छूट रहे पसीने

दुकानदार वंश अग्रवाल ने बताया कि त्यौहार में खरीदी तो जरूरी है, लेकिन लोग जहां-तहां गाड़ियां खड़ी कर देते हैं। इससे आम नागरिकों के साथ-साथ अन्य ग्राहकों को भी परेशानी हो रही है। जाम के कारण लोगों को 5 मिनट का रास्ता 20 मिनट या उससे अधिक समय में तय करना पड़ रहा है। हालांकि ट्रैफिक चौक-चौराहों में यातायात जवानों की तैनती की गई है, लेकिन शहर की संकरी सड़कों से जाम हटाने में जवानों के भी पसीने छूट रहे हैं।

### नशीली दवा बेचने वाले तीन आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** नशीली दवाओं पर पूर्ण अंकुश लगाने के लिए जिले में लगातार कार्रवाई जारी है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस अधीक्षक दिव्यांग पटेल और साइबर सेल डीएसपी अनिल विश्वकर्मा के दिशा-निर्देश पर तमनार पुलिस ने प्रभावी कार्रवाई करते हुए तीन आरोपियों को कोडीन युक्त सिरप और अन्य नशीली दवाओं के साथ गिरफ्तार किया। जानकारी के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि ग्राम पेलमा-लैलूंगा की ओर से तीन व्यक्ति कोडीन युक्त सिरप अवैध बिक्री के लिए मोटरसाइकिल में परिवहन कर रहे हैं। सूचना पर थाना प्रभारी तमनार निरीक्षक कमला पुसाम ठाकुर के नेतृत्व में टीम गठित कर पेलमा और मिलुपारा की ओर रवाना हुई। हिंझर तिराहा के पास संदिग्ध प्लैटिना मोटरसाइकिल को रोककर पूछताछ की गई, जिसमें तीनों ने अपना नाम अशोक बेहरा, ललित गुप्ता और सुशील राठिया बताया। आरोपियों के कब्जे से कुल 25 नग कोरेक्स सिरप 100 एमएल, 8 नग टेबलेट स्पास्मो, एक मोबाइल फोन और मोटरसाइकिल को जप्त किया है। कुल जप्त सामग्री की कीमत लगभग 1,05,639 रुपए है। आरोपियों ने स्वीकार किया कि कोडिंग युक्त सिरप को एक सीसी के हिसाब से 500 रुपए में बेचकर मुनाफा कमाया जाता था।

## आन्दोलन का असर, युवक के शव का उत्खनन कर कराया गया री-पीएम



### रैरुमाखुर्द में युवक की संदेहास्पद मौत पर परिजनों ने जताई है हत्या की आशंका

हरिभूमि न्यूज ⏭ रायगढ़

धरमजयगढ़ के रैरुमाखुर्द चौकी क्षेत्र अंतर्गत माइकल मिंज की संदेहास्पद मौत पर परिजनों ने हत्या की आशंका जताई है। परिजनों और ग्रामीणों द्वारा चक्काजाम करने के बाद एसडीओपी ने स्वयं इस मामले को अपने अंडर में लिया है। ऐसे में एक माह बाद युवक के शव का उत्खनन कर सोमवार को उसका दोबारा पोस्टमार्टम व वीडियोग्राफी कराया गया है, ताकि सच्चाई सामने आ सके।

दरअसल 1 सितंबर की रात माइकल मिंज घर अपने प्रेमिका द्वारा फोन कर बुलाने पर उससे मिलने गया था, लेकिन वापस नहीं लौटा। दूसरे दिन उसका शव गांव के खेत के पास एक पेड़ में फांसी के फंदे पर लटका मिला। मृतक के शरीर में चोट के निशान होने पर परिजनों और ग्रामीणों ने हत्या की आशंका जताई। 12 सितंबर को माइकल का पीएम रिपोर्ट आया, जिसमें आत्महत्या की बात कही गई, लेकिन परिजनों और ग्रामीणों ने इसे सिरे से खारिज कर दिया। उनका कहना था कि मृतक के शरीर में चोट के निशान थे, उसका एक आंख फूटा हुआ था और पैर भी जमीन में मुड़ा हुआ था, इस तरह इसे कैसे आत्महत्या करार दिया जा सकता है। उन्होंने लड़की के परिजनों द्वारा मार कर लटकाने का आरोप लगाया और इसकी शिकायत कलेक्टर और एसपी से की। इसके बाद भी सुनवाई नहीं होने पर परिजनों और ग्रामीणों गुरुवार की सुबह नयापारा चौक पर चक्काजाम कर दिया। इस दौरान मौके पर पुलिस और प्रशासनिक अधिकारी पहुंचे और उन्हें मृतक का दोबारा पीएम कराने और सीडीआर निकालने का लिखित आश्वासन दिया। इसी क्रम में रविवार की दोपहर माइकल के शव का उत्खनन कर उसे शाम तक मेडिकल कॉलेज अस्पताल पहुंचाया गया और सोमवार की सुबह उसका री-पीएम किया गया है। अब परिजनों को फिर से पीएम रिपोर्ट का इंतजार है।

### इसलिए मामले को दबाया जा रहा

मेडिकल कॉलेज पहुंची मृतक की दीदी सरोजनी मिंज ने कहा कि इस पूरे केस को दबा दिया गया था, लेकिन उनके द्वारा कलेक्टर और एसपी से शिकायत व आन्दोलन के बाद दोबारा माइकल के शव का पीएम कराया गया है। वो चाहती हैं कि उसके भाई को इंसाफ मिले और जिन्होंने भी उन्हें मारा है वो पकड़े जाएं। सरोजनी ने कहा कि मृतक के शरीर और प्राइवेट पार्ट पर चोट के निशान थे, साथ ही उसका बायां आंख बाहर निकला हुआ था, ऐसे में इसे कैसे आत्महत्या कहा जा सकता है। सरोजनी ने आरोप लगाते हुए कहा कि मृतक का जिस लड़की से प्रेम प्रसंग था उसका भाई धरमजयगढ़ थाने में पुलिस है, इसलिए भी मामले को दबाया जा रहा था। परिजनों ने आरोप लगाया है कि पुलिस द्वारा मृतक के प्रेमिका व उसके परिजनों से अब तक पूछताछ नहीं की गई है, जिससे गांव में चर्चाओं का बाजार गर्म है।

### चक्काजाम करने वालों पर एफआईआर दर्ज

माइकल मिंज की संदिग्ध मौत मामले में निष्पक्ष जांच की मांग को लेकर गुरुवार को पीड़ित परिजनों व ग्रामीणों ने नयापारा चौक पर चक्काजाम कर दिया था। जिसमें बस सहित अन्य वाहनों का आवागमन घंटों बाधित रहा। ऐसे में बस चालक की शिकायत पर पुलिस ने मिलन खलखो, लीनुस टोप्पो, विजय कुजूर सहित आधा दर्जन से अधिक ग्रामीणों के खिलाफ अपराध दर्ज किया है।

## शिकार के लिए बिछाए करंट से प्लांटकर्मी की मौत, आरोपी गिरफ्तार

**रायगढ़।** तमनार पुलिस ने करंट से हुई मौत की गंभीर घटना पर त्वरित कार्रवाई करते हुए करंट बिछाने वाले आरोपी को गैरइरादतन हत्या के अपराध में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। घटना के संबंध में प्रार्थी लक्ष्मण कुमार पटेल निवासी पेलमा ने तमनार में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उसका चचेरा भाई मनोज कुमार पटेल 28 वर्ष दिनांक 26 सितंबर को अदानी कंपनी में काम के लिए निकला था, जो रात्रि तक घर नहीं लौटा। अगले दिन 27 सितंबर की सुबह खोजबीन के दौरान स्कूल डीपा पेलमा जंगल में नाले के पास उसका शव तार से लिपटा पड़ा मिला, किसी अज्ञात व्यक्ति द्वारा जंगली सुअर का शिकार करने के लिए जीआई तार बिछाकर उसमें करंट प्रवाहित किया गया था, जिसकी चपेट में आकर मनोज पटेल की मौत हो गई। ऐसे में मर्ग कायम कर मामले की विवेचना की गई। मृतक के परिजनों व गवाहों के बयान में यह तथ्य उजागर हुआ कि गांव का मनोहर नायक पिता लुकेश्वर 62 वर्ष निवासी पेलमा ने ग्राम उरबा की ओर से ग्राम पेलमा बस्ती के पास 11 केवी बिजली पोल से तार खींचकर करीब 28 बांस खूंटी के सहारे खुले में जीआई तार फैलाया गया था। आरोपी ने यह जानते हुए भी कि उसके संपर्क में आने से किसी की मृत्यु हो सकती है, जानबूझकर बिजली चोरी कर करंट बिछाया था, जिसकी चपेट में आकर मनोज की मौत हो गई। मामले में तमनार पुलिस ने धारा 105 बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर आरोपी मनोहर नायक को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा है।





AGRASEN COLLEGE
Recognised By: NCTE, New Delhi, Govt. Of India
Affiliated to: Hemchand Yadav University, Durg
B.ED. COURSE
COLLEGE COUNCELLING CODE - 114316
सत्र 2025 - 26 में B.Ed कोर्स में प्रवेश हेतु अंतिम अवसर
द्वितीय चरण

| | |
|---|---|
| पंजीयन एवं ऑनलाइन विकल्प फार्म जमा करने की तिथि। | 01/10/25 से 05/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची दावा आपत्ति के लिए जारी करना एवं दावा आपत्ति। | 09/10/25 से 10/10/25 |
| द्वितीय चरण की प्रथम सूची जारी करना। | 13/10/25 |
| द्वितीय चरण की सूची में आबंटित अभ्यथी द्वारा महाविद्यालय में प्रवेश के लिए निर्धारित तिथि। | 13/10/25 से 16/10/25 |

VILLAGE- DHANORA, DURG (C.G.)
Mob. 90982 11113



## खबर संक्षेप

### कौशल्या साय ने मां बंजारी धाम में की पूजा-अर्चना



**तमनार।** रायगढ़ जिले के प्रसिद्ध सर्वशक्तिपीठ मां बंजारीधाम तराईमाल में मुख्यमंत्री की धर्मपत्नी श्रीमती कौशल्या साय ने शरदीय नवरात्र में पूजा-अर्चना कर माथा टेका और मां से आशीर्वाद लेते हुए प्रदेशवासियों के सुख समृद्धि और खुशहाली की कामना की। बता दें कि मां बंजारी धाम के 3 दीपगृह में श्रद्धा आस्था के मनोकामना के हजारों तेल व घृत मनोकामना ज्योति कलश मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय, वित्तमंत्री ओपी चौधरी, सांसद राधेश्याम राठिया, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल अन्य मंत्रियों जनप्रतिनिधियों, प्रशासनिक अधिक 8 सहित तमनार तहसील रायगढ़ ज़िला, छत्तीसगढ़, मप्र, बिहार, झारखण्ड, ओडिसा भारतवर्ष एवं विदेशो के विशिष्ट व्यक्तियों, प्रशासनिक अधिकारी, औद्योगिक प्रबन्धन ग्रामीणजनों सहित हजारों श्रद्धालुओं द्वारा दीप प्रज्वलित की गई है। मां बंजारी समिति अध्यक्ष कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के दिशा निर्देश, एसडीएम दुर्गा प्रसाद अधिकारी, तहसीलदार रिचा सिंह के मार्गदर्शन में भक्तजनों के लिए पूजा-अर्चना, दर्शन, प्रसाद, पानी पार्किंग हर दिन भंडारा की बेहतर व्यवस्था का हरसम्भव प्रयास किया जा रहा है।

### मां कौशलेश्वरी मंदिर में महाभंडारा का आयोजन



**कोसीर।** कोसीर के मां कौशलेश्वरी मंदिर में आदि शक्ति युवा संगठन के द्वारा महाभंडारा का आयोजन किया गया, जिसमें सैकड़ों श्रद्धालुओं ने प्रसाद ग्रहण किया। ज्ञात हो कि पंचमी से नवमी तक लगातार यहां महाभंडारा का आयोजन हो रहा है, जिसमें अंचल के भक्तगण भारी संख्या में पहुंच कर माता का आशीर्वाद ले रहे और भंडारा में प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। युवा संगठन समिति की इस पहल का सभी लोग सराहना कर रहे हैं।

### सरकारी जमीन पर फ्लाईऐश की अवैध डंपिंग से पहले ही जप्त

**राउरकेला।** बिरमित्रपुर के रायबोगा थाना क्षेत्र के सलंगाबाहल क्षेत्र में सरकारी जमीन वन भूमि पर अवैध रूप से फ्लाई ऐश डस्ट डंपिंग के लिए झारसुगुडा से आये वाहनों पर कार्यवाई का मामला सामने आया है। स्थानीय लोगों की सूचना पर पॉल्यूशन विभाग और रायबोगा थाना पुलिस ने संयुक्त छापेमारी कर कार्रवाई करते हुए करीब तेरह हाइवा वाहनों को जप्त कर लिया। जानकारी के अनुसार झारसुगुड़ा से फ्लाईऐश डस्ट लेकर आए वाहन बिना किसी अनुमति और सूचना के पांच एकड़ गोचर व अनाबादी सह वन जमीन पर डस्ट गिरा रहे थे। ग्रामीणों ने जब यह देखा तो उन्होंने कड़ा विरोध जताया और तुरंत संबंधित विभागों को सूचना दी। मौके पर पहुंची टीम ने वाहनों की जांच की, लेकिन चालकों के पास इस कार्य की कोई वैध अनुमति नहीं मिली। इसके बाद सभी वाहनों को जब्त कर उन पर जुर्माना लगाया गया। ग्रामीणों का कहना है कि फ्लाईऐश डंपिंग से आसपास के पेड़-पौधों को नुकसान पहुंच रहा है और कृषि योग्य भूमि भी लगातार नष्ट हो रही है। स्थानीय लोगों ने यह भी आरोप लगाया कि विभागीय मिलीभगत के बिना इतनी बड़ी अवैध डंपिंग संभव नहीं थी। उनका कहना है कि जितनी मात्रा में डस्ट गिराई गई है उसके अनुसार मापजोख कर कार्रवाई होनी चाहिए थी, लेकिन मामूली जुर्माना लगाकर वाहनों को छोड़ दिया गया। वहीं कार्रवाई के दौरान मौजूद चैन माउंटेड मशीनों को छोड़ देना भी ग्रामीणों की नाराजगी का कारण बना हुआ है। पॉल्यूशन विभाग के अधिकारियों ने स्पष्ट किया है कि इस मामले की विस्तृत जांच की जाएगी और दोषियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी।

# वन दुर्गा और 64 योगिनियों का नगर प्रवेश, नगाड़ों की गूंज, दिखी अनोखी परंपरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

ऐतिहासिक जशपुर दशहरा उत्सव का सातवां दिन (सप्तमी) नगरवासियों के लिए आस्था और परंपरा का अनुपम अनुभव लेकर आया।

सप्तमी की सुबह जब वन दुर्गा और 64 योगिनियों को नगर प्रवेश कराया गया तो पूरा शहर श्रद्धा और भक्ति में डूब गया। नगाड़ों की थाप, पारंपरिक रियासती वेशभूषा, नंगे पैर चल रहे बैगा और राजपुरोहितों का दल तथा हजारों श्रद्धालुओं की भीड़ – यह दृश्य जशपुर की सांस्कृतिक धरोहर का जीवंत प्रतीक बन गया।



पदयात्रा कर नगर प्रवेश के बाद किया गया हवन पूजन।

**षष्ठी की शाम आमंत्रण यात्रा:** षष्ठी की संध्या को नगर के काली मंदिर से राजपुरोहित और बैगा दल रियासत कालीन सैनिकों के साथ रवाना हुआ। चार किलोमीटर की नंगे पैर पदयात्रा करते हुए दल बेलवरण पूजा स्थल पहुंचा। नगाड़ों और शंखध्वनि की गूंज से वातावरण गुंजायमान रहा। यह यात्रा केवल आमंत्रण देने की परंपरा नहीं, बल्कि शक्ति का आह्वान और नगरवासियों के लिए देवी के आगमन का संकेत मानी जाती है।

**सप्तमी की सुबह बेलवरण अनुष्ठान:** सप्तमी की प्रातः बेला में राजपुरोहितों ने बेलवरण पूजा स्थल पर पहुंचकर विशेष पूजा-अर्चना और हवन किया। यहां वन दुर्गा और 64 योगिनियों को बेल वृक्ष में स्थापित कर आह्वान किया गया। तत्पश्चात गांव के बैगा ने बेल और पीपल के संयुक्त वृक्ष से देवी स्वरूप उतारा और उसे चांदी की थाल में विराजमान कर राजपुरोहितों को सौंपा। यह क्षण पूरे गांव और उपस्थित श्रद्धालुओं के लिए दैवीय और रोमांचकारी रहा।

**नगर प्रवेश की अनोखी परंपरा:** चांदी की थाल में विराजित वन दुर्गा और योगिनियों को लेकर राजपुरोहित और बैगा का दल नगर की ओर बढ़ा। मान्यता है कि इस यात्रा के दौरान थाल को न तो जमीन पर रखा जा सकता है और न ही रोका जा सकता है। यात्रा का हर कदम देवी की इच्छा और शक्ति का प्रतीक होता है। नंगे पैर चलने वाले बैगा और पुरोहित दल चार किलोमीटर की दूरी बिना रुके तय करते हैं। यह कठिन साधना और तपस्वी अनुशासन का अनूठा उदाहरण है।

**नगर में सजे भव्य पंडाल, विराजी मां अंबे:** सप्तमी के अवसर पर नगर में मां दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना का दौर भी शुरू हुआ। श्रीहरि कीर्तन भवन, दरबारी टोली देवी मंडप और सन्ना रोड पर विशाल पंडाल बनाए गए हैं। इन पंडालों को आकर्षक विद्युत सज्जा और शिल्पकला से सजाया गया है। देवी प्रतिमाओं का नगरवासियों ने विधि-विधान से स्वागत कर पूजा-अर्चना आरंभ की।

# जनसेवा अभेद आश्रम नारायणपुर-चिटकवाइन में निकला मां भगवती का डोला

जनसेवा अभेद आश्रम नारायणपुर - चिटकवाइन में आज आस्था का अद्भुत सैलाब दिखा। अवसर था मां भगवती का डोला निकलने का। इसमें शामिल होने दूर दूर से श्रद्धालु नारायणपुर पहुंचे, आश्रम में सप्तमी तिथि के प्रवेश के साथ ही देवी मां का डोला भक्तिमय वातावरण में धूमधाम से निकाला गया। बाबा उत्साही राम जी ने विशिष्ट अनुष्ठान, पूजा आराधना की, जिसके बाद भक्तगण मां का डोला लेकर जयकारा लगाते हुए आश्रम प्रांगण से निकले।गौरतलब है कि प्रतिवर्ष जनसेवा अभेद आश्रम नारायणपुर में नवरात्र के उपलक्ष्य में माता रानी का हर्षोल्लास के साथ डोला निकालने की परंपरा है।जिसको पूरे ग्राम में भ्रमण कराया जाता है।

> ■ ढोल, नगाड़ों से गूंजा वनांचल, आस्था का दिखा अद्भुत सैलाब



डोला में शामिल गांव के लोग।

### हरवंश डोला निकलने की है परंपरा

यहां हर वर्ष डोला यात्रा के अवसर पर श्रद्धालुओं की भीड़ जुटती है और यात्रा में शामिल होकर श्रद्धालु खुद को धन्य समझते हैं। सप्तमी तिथि को हर वर्ष की भाँति इस वर्ष भी देवी मां का डोला यात्रा धूमधाम से निकाला गया। पूजा आराधना के बाद विशेष रूप से बने डोला में मां के तस्वीर को स्थापित करने के बाद नारायणपुर आश्रम से यात्रा निकाली गई। ढोल, नगाड़ों सहित विभिन्न वाद्य यंत्रों के साथ जयकारे व संकीर्तन करते हुए श्रद्धालु डोला यात्रा में शामिल हुए।

### श्रद्धालुओं ने शहर का भ्रमण किया डालके साथ

माता रानी का डोला यात्रा नारायणपुर जयस्तम्भ चौक, अटल चौक मुख्य मार्ग, गांव भ्रमण करते हुए पुनः आश्रम में समाप्त हुई जहां पूजा अर्चना के साथ महाआरती की गई। नारायणपुर में माता रानी का स्वागत पुष्प वर्षा करते पूजा आरती कर जगह जगह स्वागत की गई।

### उत्साहित रहे सर्वेश्वरी समूह के अनुयायी

आज सप्तमी में डोला यात्रा को लेकर सर्वेश्वरी अनुयायियों में काफी उत्साह देखने को मिला और बड़ी संख्या में लोगों की भीड़ यहां उमड़ी। संकीर्तन में हर आयु वर्ग के लोगों में उत्साह देखने को मिला ।इस अवसर पर पप्पू जी प्रमोद जी चितरंजन जी गणेश यादव जी अनिल बागे जी उत्तम यादव जी बोधनाथ प्रजापति जी सहित बड़ी संख्या में महिलाएं, युवा और बच्चे भी यात्रा में सहभागी बनें। इस अवसर पर यात्रा में श्रद्धालुओं को वाद्य यंत्रों के साथ झूमते देखा गया। उल्लेखनीय है कि इस यात्रा में क्षेत्र के सभी वर्गों के सदस्य भी बड़ी संख्या में शामिल होते हैं।

# कछार मंदिर में उमड़ी भक्तों की भीड़

**पत्थलगांव।** कछार मन्दिर में नवरात्र पर्व में भारी संख्या में भक्तों की उमड़ पड़ी है भीड़ दूर दूर से आते है कछार शिवशक्ति मन्दिर में माता रानी से आशीर्वाद मांगने भक्त जैसे जैसे नवरात्र पर्व आगे बढ़ता जा रहा है वे तरह भक्तो की संख्या भी लगातार बढ़ती जा रही है। रविवार को मन्दिर परिसर पूरा भरा रहा आरती पश्चात माता की रसोई का प्रसाद है मुख्य आकर्षण सभी आये भक्तो को बिठाकर परोस कर दिया जाता है माता का रसोई मन्दिर समिति के चिंटू अग्रवाल ने बताया कि सोमवार को मंदिर में आरती के बाद डांडिया खेला जाएगा नवरात्र पर्व में डांडिया खेलने की परंपरा है। इसके लिए मन्दिर समिति अपनी तैयारी पूरी करने में लगा है।

मन्दिर समिति के गोपाल गोयल ने बताया कि मन्दिर में मनोकामना ज्योत को देखने उनका आशीर्वाद प्राप्त करने सभी भक्त दिन से लेकर रात को लगातार पहुच रहे है। मान्यता है कि मन्दिर में ज्योत जलाए भक्तो की सभी मुरादे माता रानी अवश्य से पूरा करती है। बनारस से आये कछार मन्दिर में पूजन कराने आये चन्द्रवेश्वर मिश्रा ने नवरात्र के सप्तम दिन का महत्व बताते हुए बताया कि नवरात्रि के सप्तम दिन मां कालरात्रि की उपासना का विशेष महत्व है। मां दुर्गा का यह स्वरूप हमें सिखाता है कि श्रद्धा और साहस से हर अंधकार पर विजय पाई जा सकती है। मां कालरात्रि से प्रार्थना है कि उनके आशीर्वाद से हर नकारात्मक शक्ति का नाश हो और समाज में शांति, समरसता और नई ऊर्जा संचार हो देवी भागवत के अनुसार मां कालरात्रि का सातवां स्वरूप कालिका यानी काले रंग का है और माता के विशाल केश चारों दिशाओं में फैले हुए हैं। मां कालरात्रि की चार भुजाएं और तीन नेत्र हैं। देवी भोलेनाथ के अर्द्धनारीशवर रुप को दर्शाती हैं। कालरात्रि मां की चार भुजाओं में खड्ग, कांटा और गले में माला सुशोभित है नवरात्रि के सातवें दिन मां दुर्गा के सातवें स्वरूप मां कालरात्रि की पूजा करने का विधान है। देवी भागवत के अनुसार विधि-पूर्वक



मंदिर परिसर में पूजन-दर्शन के लिए पहुंचे श्रद्धालु।

देवी की पूजा करने से भूत, प्रेत और बुरी शक्तियों से छुटकारा मिलती है। मान्यता है कि मां के इस स्वरूप से सभी सिद्धियां प्राप्त होती हैं। यही कारण है कि तंत्र-मंत्र करने वाले मां कालरात्रि की विशेष रूप से पूजा करते हैं। देवी को शुभंकरी, महायोगीश्वरी और महायोगिनी के नाम से भी जाना जाता है। मां के इस स्वरूप को वीरता और साहस का प्रतीक माना जाता है। माता का रंग काला होने के कारण इन्हें कालरात्रि कहा गया है। आइए जानते हैं नवरात्रि के सातवें दिन मां कालरात्रि की पूजा कैसे की जाएगी, मंत्र, भोग विधान और आरती मां कालरात्रि की प्रतिमा को लाल कपड़ा के उपर बिराजमान करके षोडशोपचार पूजन करें लाल और नीले पुष्प अर्पित करें गुड से बने मालपुए का भोग लगाएं और प्रार्थना करें ऐसा करने से मान्यता है कि हमारे मनोभिलषित कामना अवश्य पूर्ण हो जाती है।

# रायगढ़ में जनसुविधाओं के विस्तार के लिए निरंतर कर रहे प्रयास : चौधरी

**रायगढ़।** वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने रायगढ़ निगम क्षेत्र के वार्ड क्रमांक 41 तुर्कूमुड़ा में 48.44 लाख रुपए की लागत से बनने वाली सीसी रोड एवं 10 लाख रुपए की लागत शेड निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। इस अवसर पर उन्होंने संतोषी मंदिर के पास छठ घाट निर्माण हेतु 15 लाख रुपए की स्वीकृति की घोषणा भी की। मौके पर महापौर जीवर्धन चौहान, सभापति डिग्री लाल साहू उपस्थित रहे।

> ■ वित्त मंत्री श्री चौधरी ने वार्ड क्रमांक 41 तुर्कूमुडा में सीसी रोड एवं शेड निर्माण कार्य का किया भूमिपूजन



वित्त मंत्री श्री चौधरी ने क्षेत्र में हो रहे निर्माण कार्यों के लिए वार्डवासियों को बधाई देते हुए कहा कि यहां सड़क निर्माण के साथ अन्य कार्य किए जा रहे है इससे जनसामान्य को आवागमन में सुविधा मिलेगी। उन्होंने निर्माण कार्य को लेकर नगर निगम एवं संबंधित ठेकेदार को उच्च गुणवत्ता के साथ समय-सीमा में कार्य पूर्ण करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि हमारा उद्देश्य लोगों को जनोपयोगी सुविधाएं उपलब्ध कराना है। इसके लिए सभी अपने दायित्वों का कुशलता पूर्वक निर्वहन करें। वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा कि मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय के नेतृत्व में क्षेत्र के विकास के लिए निरंतर कार्य किए जा रहे हैं। इससे क्षेत्र के विकास, आधारभूत संरचना को मजबूती मिलने के साथ ही लोगों को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी। उन्होंने कहा कि रायगढ़ के विकास के लिए हमारा प्रयास निरंतर जारी रहेगा। इस अवसर पर सुरेश गोयल, पंकज कंकरवाल, मुक्तिनाथ बबुआ, डोलनारायण नायक, शैलेष माली, वार्ड पार्षद श्रीमती आशा खडिया, उसतराम भट्ठ, यादराम साहू, नरेश पटेल, राजा क्षत्रिय, सीईओ जिला पंचायत जितेन्द्र यादव, आयुक्त नगर निगम बृजेश सिंह क्षत्रिय, एसडीएम रायगढ़ महेश शर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि, प्रशासनिक अधिकारी और गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे।

# डकैती की योजना बनाने वाले 9 बदमाश चढ़े पुलिस के हत्थे

**राउरकेला।** दो अलग-अलग मामलों में राउरकेला पुलिस ने 9 डकैतों को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया है। झीरपाणी पुलिस ने एक गैंग के 5 और सेक्टर-3 पुलिस ने 4 आरोपियों को दबोचा है। एक अन्य आरोपी मौके से भागने में सफल रहा।

> ■ देशी बंदूक, जिंदा कारतूस व अन्य हथियार जब्त

गिरफ्तार सभी आरोपी पहले से ही कई अपराधिक मामले में संलिप्त हैं, जिससे इनकी गिरफ्तारी बड़ी सफलता है। 27 सितंबर की शाम करीब 7.15 बजे जगदा मैदान में गैंग के पांच सदस्य पेट्रोल पंप से डकैती की योजना बना रहे थे। सूचना मिलते ही झीरपाणी पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और आरोपियों को



धर दबोचा। गिरफ्तार आरोपितों में अनील बेहरा 28 वर्ष, सोमनाथ मिश्र 38 वर्ष, मनराज कुमार 30 वर्ष, राकी कुमार बर्मा 34 वर्ष और प्रमोद साहू 34 वर्ष शामिल हैं। इनके पास से एक देशी बंदूक, जिंदा गोलियां, दो खंडा, तीन मोबाइल, दो चाकू, फेस मास्क, विदेशी शराब, सिगरेट और ऑटो जब्त किए गए हैं। इसी तरह 26 सितंबर को सेक्टर-3 पुलिस ने विवेकानंद स्कूल के पीछे डकैती की योजना बनाते समय चार और आरोपितों को गिरफ्तार किया। इनमें राहुल सिक्का 23 वर्ष, विक्रम महानंद 39 वर्ष, आलोक बेहरा 25 वर्ष और शेख अबु फहीम शामिल हैं। इनके पास से एक खंडा, लोहे की चैन, दाउली और लोहे के अन्य उपकरण जब्त किए गए। पुलिस ने बताया कि मुख्य आरोपी अबु फहीम के खिलाफ कोयलनगर में 9 मामले दर्ज हैं। झीरपाणी में 5, सेक्टर-3 में 3 और सेक्टर-19 में 1 मामला दर्ज है। अन्य आरोपी राहुल के नाम पर सेक्टर-3 थाना में 2 मामले दर्ज हैं।

# खरसिया के 50 टीबी मरीजों को वितरित किया गया अतिरिक्त पोषण आहार

**रायगढ़।** कलेक्टर मयंक चतुर्वेदी के निर्देशानुसार एवं मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. अनिल कुमार जगत के मार्गदर्शन में खरसिया विकासखंड के 50 टीबी मरीजों को अदानी फाउंडेशन, बड़े भंडार रायगढ़ द्वारा निक्षय मित्र बनते हुए गोद लिया गया। इस अवसर पर मरीजों को अतिरिक्त पोषण आहार किट का वितरण किया गया। कार्यक्रम का आयोजन सिविल अस्पताल खरसिया में किया गया। जहां उपस्थित मरीजों को चिकित्सा अधिकारी डॉ.दिलेश्वर पटेल द्वारा टीबी की नियमित दवा सेवन के महत्व के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। उन्होंने कहा कि टीबी की सफल इलाज की कुंजी है, समय पर दवा लेना और पोषणयुक्त आहार का सेवन करना। साथ ही उन्होंने मरीजों से आग्रह किया कि वे अपने



आस-पास के लोगों को भी टीबी के लक्षणों और उपचार के प्रति जागरूक करें तथा आवश्यक होने पर आधुनिक जांच सुविधाओं का लाभ उठाएं। इस सेवा कार्य में अदानी फाउंडेशन की कॉर्पोरेट सामाजिक दायित्व इकाई की महत्वपूर्ण भूमिका रही।

## न्यायिक रिमांड पर भेजा गया जेल

# धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाला आरोपी गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ जशपुरनगर

बगीचा क्षेत्र में हिंदू धर्म और देवी दुर्गा के प्रति अभद्र टिप्पणी करने वाले आरोपी को जशपुर पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया।

थाना बगीचा अंतर्गत ग्राम रेंगोला निवासी गोपाल राम 50 वर्ष पर मंदिर समिति के व्हाट्सऐप ग्रुप में देवी दुर्गा, ब्राह्मण और हिंदू धर्म के खिलाफ अशोभनीय व अभद्र टिप्पणी करने का आरोप है। इस घटना से बजरंग दल और हिंदू समाज में गहरा आक्रोश पैदा हुआ। 28 सितंबर को प्रार्थी उत्तम कुमार गुप्ता, जो बजरंग दल महादेव डांड के कार्यकर्ता हैं। थाना बगीचा में रिपोर्ट दर्ज कराते हुए बताया कि आरोपी ने मंदिर समिति के व्हाट्सऐप ग्रुप में आपत्तिजनक पोस्ट करके धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई।



पुलिस गिरफ्त में आरोपी।

### धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने वाले किसी को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह ने कहा, बगीचा क्षेत्र में धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाने के किसी भी प्रयास को बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। पुलिस ऐसे मामलों में सख्त कार्रवाई करती रहेगी।

### पुलिस ने तत्काल की कार्रवाई

प्रार्थी के रिपोर्ट पर थाना बगीचा ने तत्काल आरोपी के खिलाफ बी एन एस की धारा 196(1) व 299 के तहत अपराध पंजीबद्ध किया।वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक जशपुर शशि मोहन सिंह को मामले की संवेदनशीलता से अवगत कराते हुए, आरोपी की तत्काल वैधानिक कार्रवाई के निर्देश दिए। पुलिस टीम ने आरोपी गोपाल राम को ग्राम रेंगोला से हिरासत में लिया।पूछताछ में आरोपी ने अपराध स्वीकार किया और घटना में प्रयुक्त मोबाइल फोन भी पुलिस ने जप्त कर लिया।अपराध सबूतों के आधार पर आरोपी को विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर भेजा गया।


# पूजा पंडालों में पॉल्यूशन बोर्ड का जागरूकता अभियान केवल उपहास : डॉ. यादव

**राउरकेला।** स्टेट पॉल्यूशन कंट्रोल बोर्ड एसपीसीबी द्वारा शहर और आसपास के विभिन्न पूजा पंडालों में चलाए जा रहे जागरूकता अभियान को लेकर सवाल उठने लगे हैं। राष्ट्रीय संयुक्त मोर्चा ट्रक ट्रांसपोर्ट सारथी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. राजकुमार यादव ने इसे एक उपहास और खानापूर्ति मात्र करार दिया है।

डॉ. यादव ने कहा कि विभाग वास्तविक जिम्मेदारियों से भटककर केवल औपचारिकता निभा रहा है। प्रदूषण नियंत्रण के नाम पर कर्मचारियों की कमी का बहाना बनाकर विभाग अनैतिक तरीके से क्रेशर, खदान और अन्य औद्योगिक संस्थानों को अनुमति देता है, जबकि प्रदूषण नियंत्रण की दिशा में कोई ठोस कदम नहीं उठाए जाते। उन्होंने आरोप लगाया कि कुआरमुंडा क्षेत्र में एक लाख प्रेशर क्षमता वाले क्रेशर को बंद करने की सिफारिश कई महीने पहले की गई थी, किंतु आज तक कार्रवाई नहीं हुई। वहीं, आम नागरिकों की शिकायतों को भी नज़रअंदाज़ कर दिया जाता है। यहाँ तक कि सूचना का अधिकार जैसी संवैधानिक व्यवस्था को भी उनके कार्यालय में गंभीरता से नहीं लिया जाता।



डॉ. यादव ने बताया कि हाल ही में जनहित याचिका के एक मामले में अदालत ने स्वतंत्र जांच के आदेश दिए थे, जिससे विभाग की कार्यप्रणाली पर गंभीर प्रश्नचिह्न खड़ा हुआ है। उन्होंने कहा कि शिकायत दर्ज कराने का मतलब विभाग में आज भी ढाक के तीन पात से अधिक कुछ नहीं है। उन्होंने जोर देकर कहा कि बोर्ड को दिखावटी जागरूकता कार्यक्रम छोड़कर प्रदूषण फैलाने वाले संयंत्रों और औद्योगिक इकाइयों की निष्पक्ष व पारदर्शी जांच करनी चाहिए। तभी पर्यावरण और जनहित की वास्तविक सुरक्षा संभव हो पाएगी।



# टॉम ऑल्टर ने लिया था सचिन का पहला इंटरव्यू

**मुंबई।** हिंदी सिनेमा में टॉम ऑल्टर का रुतबा बेहद अलग ही था। वह न केवल एक शानदार अभिनेता थे, बल्कि खेल पत्रकार भी थे। उन्होंने क्रिकेट के महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का पहला टीवी इंटरव्यू लिया था। तब सचिन महज 15 साल के थे और उन्होंने भारतीय क्रिकेट टीम के लिए डेब्यू भी नहीं किया था। टॉम ऑल्टर की जिंदगी में खेल पत्रकारिता का भी अहम हिस्सा था। 1980 और 1990 के दशक में वे स्पोर्ट्स जर्नलिस्ट के रूप में काम करते थे। इसी दौरान, उन्होंने सचिन तेंदुलकर का पहला टीवी इंटरव्यू लिया।

लाइफ Style

# यामी
## पहाड़ी लुक में आईं नजर

बॉलीवुड की जानी-मानी एक्ट्रेस यामी गौतम हमेशा से अपने शानदार अभिनय के लिए जानी जाती हैं। पर्दे पर चाहे वह एक मजबूत किरदार निभा रही हों या फिर असल जिंदगी में अपने पहाड़ी अंदाज में नजर आ रही हों, यामी हर बार अपने चाहने वालों का दिल जीत लेती हैं।

एजेंसी ▶▶ मुंबई

यामी ने अपने इंस्टाग्राम पर एक तस्वीर पोस्ट की, जो काफी पसंद की जा रही है। इस तस्वीर में यामी गौतम एक बेहद खुशनुमा सुबह का आनंद लेती नजर आ रही हैं। वह एक खुले बरामदे में बैठी हैं, जहां से पहाड़ों का सुंदर नजारा देखा जा सकता है। उन्होंने लाइट ग्रीन कलर का स्लीवलेस टॉप पहन रखा है, जो उन पर काफी फब रहा है। बिना किसी मेकअप के उनका चेहरा एकदम नेचुरल लग रहा है और उनकी मुस्कान सीधे दिल को छू रही है। उन्होंने अपने बालों को खुला छोड़ा है। तस्वीर में यामी के हाथ में एक चाय का कप भी नजर आ रहा है, जिसे देखकर साफ है कि वह इस पल को पूरी तरह एन्जॉय कर रही हैं। उन्होंने इस फोटो के साथ दिल को छू लेने वाला कैप्शन भी लिखा। उन्होंने लिखा, पहाड़ों में सुबह की धूप, हाथ में चाय और दिल में आभार... 'हक' टीजर को इतना प्यार देने के लिए धन्यवाद आपका।

बता दें कि हाल ही में फिल्म 'हक' का टीजर जारी किया गया था, जिसमें यामी गौतम एक सशक्त और जुझारू महिला शाह बानो के किरदार में दिखी, जो अपने हक के लिए अदालत की लड़ाई लड़ रही हैं। वहीं, इमरान हाशमी उनके पति मोहम्मद अहमद खान की भूमिका में दिखाई दिए।



हॉलीवुड मसाला



# शेयर की बेटी की प्यारी तस्वीरें

**लॉस एंजेलिस।** रिहाना और रैपर रॉकी ने अपनी नन्ही परी का नाम रॉकी आयरिश मेयर्स रखा है। रिहाना ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर बेटी के साथ दो प्यारी तस्वीरें शेयर की हैं। पहली तस्वीर में वह अपनी बेटी को गुलाबी कंबल में लिपटाए प्यार से गोद में लिए नजर आ रही हैं। वहीं दूसरी तस्वीर में दो छोटे बॉक्सिंग ग्लव्स दिखाई दे रहे हैं, जिसमें एक गुलाबी रिबन भी लगा हुआ है। बता दें कि रिहाना और रॉकी की पहली मुलाकात 2012 में एमटीवी म्यूज़िक वीडियो अवार्ड्स के रिहर्सल के दौरान हुई थी।



# सेलेना बनीं बेनी ब्लैंको की दुल्हन

**लॉस एंजेलिस।** हॉलीवुड की जानी मानी सिंगर सेलेना गोमेज ने 33 साल की उम्र में अपने ब्वॉयफ्रेंड बेनी ब्लैंको के साथ शादी कर ली है। उनकी शादी की तस्वीरें सोशल मीडिया पर खूब वायरल हो रही हैं। सेलेना गोमेज ने अपने इंस्टाग्राम पर शादी की तस्वीरें शेयर करते हुए फैंस को ये गुड न्यूज दी है। वहीं सोशल मीडिया पर पोस्ट होते ही सेलेना की शादी की फोटोज वायरल हो गईं। इन तस्वीरों में सेलेना और बेनी एक दूसरे पर प्यार लुटाते नजर आ रहे हैं। अब इंडस्ट्री के फ्रेंड्स से लेकर फैंस तक सेलेना और बेनी ब्लैंको को शादी की शुभकामनाएं और बधाई दे रहे हैं। सेलेना और बेनी ब्लैंको ने क्रिश्चियन रीति-रिवाज के अनुसार शादी के बंधन में बंधे हैं। दुल्हन बनी सेलेना व्हाइट वेडिंग गाउन में बहुत ही खूबसूरत और लाजवाब दिख रही हैं।



# बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं रुक्मिणी

**मुंबई।** अभिनेत्री रुक्मिणी वसंत की आने वाली फिल्म 'कांतारा: चैप्टर 1' का ट्रेलर कुछ समय पहले रिलीज हुआ था। वह इस फिल्म में राजकुमारी कनकवती के किरदार में दिखाई देंगी। अभिनेत्री रुक्मिणी ने बताया कि वह बॉलीवुड में काम करना चाहती हैं। उन्होंने करण जौहर या दूसरे किसी बड़े बॉलीवुड फिल्म निर्माता के साथ काम करने की भी हसरत जाहिर की है। जब रुक्मिणी से पूछा गया कि क्या वह बॉलीवुड में अवसर तलाशना चाहेंगी, तो इसका जवाब देते हुए रुक्मिणी ने कहा, "बिल्कुल, धर्मा प्रोडक्शंस उस क्लासिक सिनेमा का प्रतीक रहा है, जिसे हम सभी पसंद करते हैं। अगर मुझे मौका मिला, तो मैं उनके साथ काम करना जरूर चाहूंगी। भविष्य में क्या होगा, यह तो मुझे नहीं पता, लेकिन मुझे उम्मीद है कि मुझे वहां काम करने का अवसर मिलेगा।



# तीसरे दिन ओजी की धाकड़ कमाई

**मुंबई।** बॉक्स ऑफिस पर पवन कल्याण की फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' ने आते ही तहलका मचा दिया है। फिल्म ने सिर्फ तीन दिनों के अंदर बंपर कलेक्शन कर दिखाया है। इस साल 2025 में रिलीज हुई फिल्मों में बहुत कम बार देखने को मिला है, जब किसी फिल्म ने दूसरे या तीसरे दिन में 100 करोड़ का आंकड़ा पार किया है। पवन कल्याण और इमरान हाशमी स्टारर फिल्म 'दे कॉल हिम ओजी' 25 सितंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हुई थी। रिपोर्ट के मुताबिक, फिल्म ने प्री-रिलीज में 21 करोड़ रुपए कमाए थे। रिलीज के पहले दिन इसने 63.75 करोड़ रुपए से बंपर ओपनिंग ली। शनिवार को फिल्म ने 18.75 करोड़ रुपए का कारोबार किया था और रविवार को फिल्म ने 13.87 करोड़ रुपए का कारोबार कर लिया है।

टीवी मसाला

# जेंडर नहीं, कला मायने रखती है: आसिफ शेख

**मुंबई।** पॉपुलर टीवी कॉमेडी शो 'भाबीजी घर पर हैं' से विभूति नारायण मिश्रा के नाम से घर- घर में पहचाने बनाने वाले आसिफ शेख इंडियन टेलीविजन शो के वर्सेटाइल एक्टर्स में से एक हैं। इस शो ने उनकी पॉपुलैरिटी को एक नया मुकाम दिया है। अब तक वह शो में करीब 350 अलग-अलग किरदार निभा चुके हैं, जिनमें से 35 फीमेल किरदार हैं, जिनकी उम्र 21 से 80 साल के बीच है। हाल ही में हुए एक इंटरव्यू में उन्होंने इस बारे में खुलकर बात की वह खुद को इन किरदारों के लिए कैसे तैयार करते हैं। आशिफ शेख ने बताया कि हर किरदार के लिए उन्हें बहुत तैयारी करनी पड़ती है और उनके लिए किरदार निभाने में जेंडर कभी मायने नहीं रखता। आशिफ ने बताया कि जब शो शुरू हुआ था तब मेकर्स ने उनके रोल को लेकर काफी सोच- विचार किया था। बाद में धीरे धीरे उन्होंने आसिफ के किरदार के साथ नए-नए एक्सपेरिमेंट किए और उन्हें दर्शकों से पॉजिटिव रिस्पांस भी मिलने लगे। आसिफ का कहना है कि वह अपने डायरेक्टर्स और राइटर्स का शुक्रगुजार हैं क्योंकि उन्होंने आसिफ पर भरोसा किया। आगे वह कहते हैं कि वह अब तक शो में 35 से ज्यादा महिला किरदार निभा चुके हैं। उनके लिए एक किरदार सिर्फ किरदार है, उन्हें इससे फर्क नहीं पड़ता कि रोल किसी लड़के का है या किसी लड़की का।



# मां दुर्गा पूजा में इमोशनल हुईं रानी और तनीषा काजोल ने निभाया बड़ी बहन का फर्ज

**मुंबई।** पूरे देश में इस वक्त शारदीय नवरात्रि की धूम देखने को मिल रही है। इसी बीच बॉलीवुड एक्ट्रेस काजोल और रानी मुखर्जी ने हर साल की तरह इस साल भी मुंबई में मां दुर्गा का भव्य पंडाल लगवाया। इस दौरान काजोल और रानी फुल ट्रेडिशनल अवतार में सजी-धजी नजर आईं। लेकिन इस साल की दुर्गा पूजा मुखर्जी परिवार के लिए काफी इमोशनल रही। ऐसा इसलिए है क्योंकि काजोल के प्यारे काका और अयान मुखर्जी के पिता देव मुखर्जी अब इस दुनिया में नहीं रहे। ऐसे में पूजा के दौरान काजोल, रानी, तनीषा और अयान मुखर्जी के आंसू रुक नहीं रहे थे। दुर्गा पूजा के दौरान की कई वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रही हैं। इसमें काजोल, रानी, शर्बानी और तनीषा मुखर्जी अपने चाचा और ताऊ देव मुखर्जी और रानू मुखर्जी को याद कर इमोशनल होती हुई दिखाई दी। तीनों को देखकर उनके कजिन और फिल्ममेकर आयान मुखर्जी भी इमोशनल होते हुए नजर आए और पिता देव मुखर्जी की याद में उनके भी आंसू छलक आए।



## फिल्म 'द राजा साहब' का पोस्टर रिलीज

**मुंबई।** बाहुबली प्रभास की आने वाली फिल्म 'द राजा साहब' का नया पोस्टर रिलीज हुआ है। इसमें प्रभास के साथ संजय दत्त भी हैं। इस पोस्टर में संजय दत्त का लुक काफी अलग है। मेकर्स ने नए पोस्टर के साथ फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट का ऐलान कर दिया है। 'द राजा साहब' का ट्रेलर 29 सितंबर को रिलीज किया जाएगा। ट्रेलर सोमवार शाम 6 बजे रिवील किया जाएगा। ये खबर सुनते ही फैन्स खुश हो गए हैं और प्रभास की पोस्ट पर कमेंट्स कर रहे हैं। डायरेक्टर मारुती की ये फिल्म पहले इसी साल 5 दिसंबर को रिलीज होनी थी, लेकिन मेकर्स अब इसे 2026 में रिलीज करने के मूड में हैं। उनका कहना है कि मूवी के पोस्ट प्रोडक्शन का काफी काम बचा है, इसकी वजह से रिलीज को पोस्टपोन कर दिया गया है। राजा साब तेलुगु रोमांटिक हॉरर कॉमेडी फिल्म है, जिसे पीपल मीडिया फैक्ट्री और आईवीवाई एंटरटेनमेंट के बैनर तले बनाया गया है।



# डांस-योगा करके खुद को हेल्दी रखती हैं मौनी

**मुंबई।** टीवी सीरियलों के साथ बॉलीवुड फिल्मों में अपना जलवा बिखेर रही मौनी रॉय को लेकर उनकी उम्र में कोई भी अंदाजा नहीं लग सकता है। उन्होंने खुद को इस तरह मेंनेट करके रखा है कि वे 40 में भी 20 साल की ही नजर आती हैं। वैसे, अपनी खूबसूरती और स्मिल फिगर को बनाएं रखने के लिए वे कई नुस्खे आजमाती हैं। खुद को फिट रखने के लिए वे काफी मेहनत भी करती हैं। मौनी रॉय खुद को फिट रखने के लिए अलग-अलग तरीके से वर्कआउट करती हैं। वे जिम में कम समय बीताती है और डांस-योगा करके खुद को हेल्दी रखती हैं। वे अपनी डाइट पर सबसे ज्यादा ध्यान देती हैं। वैसे, उन्हें जंक फूड खाना पसंद है, लेकिन हेल्थ के लिए वे खुद पर कंट्रोल रखती हैं और ऐसे खाने से दूर रहती है। मौनी फिट रहने के लिए रोजाना कम से कम 30 मिनट डांस करती हैं। इसके साथ वे खुद को फिजिकली और मेंटली फिट रखने के लिए योगा करती हैं। वे जिम में ज्यादा वर्कआउट नहीं करती, लेकिन वेट ट्रेनिंग जरूर लेती हैं। मांसपेशियों में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ाने के लिए वे स्ट्रेचिंग पर भी खास ध्यान देती हैं। मौनी टीवी की हाईएस्ट पेड़ एक्ट्रेसेस में से एक हैं। उन्होंने करियर की शुरुआत 2006 में सीरियल क्योंकि सास भी कभी बहू थी से की थी।



## आज भले ही वह हमारे बीच न हो, लेकिन गाने अब भी लोगों की जुबान पर

# रंग दे बसंती' गाने की रिकॉर्डिंग के दौरान 8-10 घंटे तक खड़ी रही थीं स्वर कोकिला

***मुंबई।*** *दिवंगत महान गायिका लता मंगेशकर बॉलीवुड की बेहतरीन सिंगर्स में से एक रही हैं। उन्होंने अपनी आवाज के जरिए लाखों लोगों के दिल पर राज किया। आज भले ही वह हमारे बीच न हो, लेकिन उनके गाने अब भी लोगों की जुबान पर है। आज 28 सितंबर को उनकी 96वीं बर्थ एनिवर्सरी है। ऐसे में चलिए हम आपको उनकी प्रोफेशनल लाइफ से जुड़ा एक किस्सा बताते हैं, जिसे फिल्ममेकर राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने शेयर किया था। दरअसल, यह किस्सा फिल्म 'रंग दे बसंती' से जुड़ा है, जो साल 2006 में रिलीज हुई थी और यह बॉलीवुड की हिट फिल्मों में से एक रही है। फिल्म की कहानी के साथ-साथ इसके गानों को भी लोगों ने काफी पसंद किया था। मूवी में 'लुका छुपी' नाम का एक इमोशनल सॉन्ग भी था, जिसे स्वर कोकिला लता मंगेशकर ने अपनी आवाज दी थी। फिल्ममेकर ने इसी गाने से जुड़ा किस्सा शेयर किया था। चलिए बताते हैं कि आखिर वह क्या है।*

### रिकॉर्डिंग से पहले करती थीं गाने की रिहर्सल

राकेश ओमप्रकाश मेहरा ने बताया था, "लता जी ने गाने की रिहर्सल की, यही उनकी महानता है। उन्होंने मुझे फोन किया और पूछा कि क्या वे गाना रिकॉर्ड करने के लिए चेन्नई जा सकती हैं। फिर मैंने उन्हें बताया कि रहमान उनके साथ इसे रिकॉर्ड करने के लिए मुंबई आएंगे, लेकिन गायिका ने चेन्नई जाने पर जोर दिया। उन्होंने मुझसे कहा कि अगर मैं उनके साथ जाऊं तो अच्छा रहेगा।



### बहुत विनम्र थी

मेहरा ने आगे बताया, वह बहुत विनम्र थीं। तीन दिन पहले वहां गईं और एयरपोर्ट से सीधे स्टूडियो चली गईं। इसके बाद एआर रहमान ने उनका स्वागत किया और गायिका ने रचना सुनी। लता मंगेशकर ने कहा कि उन्हें गाना कैसेट में दिया जाए, ताकि वे उसका रिहर्सल कर सकें। फिर जब वह चौथे दिन रिकॉर्डिंग के लिए आईं, तो उन्होंने गाना गाते समय खड़े रहने पर जोर दिया। उन्होंने रहमान के साथ गाना, जैमिंग शुरू कर दी और फिर 8-10 घंटे तक बैठने से इनकार कर दिया और गाना पूरा होने तक खड़ी रहीं।"

# आकर्षक पंडालों में विराजीं मां दुर्गा, दर्शन से पुण्य के भागी बने श्रद्धालु

## विद्युत झालरों और लाइटिंग का दिखा अद्भुत नजारा, देर रात तक पंडालों में लगी रही हजारों की भीड़

**हरिभूमि ▸▸ रायगढ़।** शारदीय नवरात्र को लेकर शहर सहित अंचल में धूम मची हुई है। जिससे शहर में इस बार एक से बढ़ कर एक भव्य व आकर्षक दुर्गा पंडाल तैयार किए गए हैं। सोमवार को सप्तमी के दिन मां जगत जननी इन पंडालों में विराजमान हुईं और पूजा-अर्चना के बाद शाम को श्रद्धालुओं को दर्शन दीं। मां के दर्शन पाकर श्रद्धालु मंत्रमुग्ध हो गए। सोमवार को सुबह से ही पंडितों द्वारा मंत्रोच्चारण के बाद माता का प्राण प्रतिष्ठा कर स्थापित किया गया, जिससे भक्त, माता के दर्शन पाकर पुण्य के भागी बने। सोमवार को मां दुर्गा के सातवें रूप कालरात्री की पूजा-अर्चना की गई। बताया जाता है कि नवरात्री के सातवें दिन देवी मंदिरों में कालरात्री की निशा पूजन भी किया जाता है। शहर के प्रमुख स्थानों जैसे चक्रधरनगर चौक, अंबेडकर चौक, स्टेशन चौक, सावंड़िया बिल्डिंग परिसर, दरोगापारा, हंडी चौक, हटरी चौक, गांजा चौक, सहित अन्य चौक-चौराहों के पंडालों में बेहतरीन लाइटिंग की गई है, जो पूरे शहर को एक नए अवतार में प्रस्तुत कर रही है। सप्तमी के दिन देर रात तक पंडालों में हजारों की संख्या में श्रद्धालुओं की भीड़ लगी रही।


अंबेडकर चौक : अंबेडकर चौक में इस बार लाल किले की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। जहां लगभग 15 फीट उंची मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित की गई है। दिन में इसकी भव्यता देखते ही बनती है और रात में विशेष लाइटिंग इसे और भी ज्यादा आकर्षक बनाती है।


चक्रधरनगर चौक : चक्रधरनगर चौक में इस बार बद्रीनाथ की थीम पर पंडाल बनाया गया है। यहां श्रद्धालुओं को मंदिर के द्वार वास्तुकला और आसपास के हिमालय का सुंदर संयोजन देखने को मिल रहा है। यह पंडाल इतना शानदार है कि लोग इसे देखने खींचे चले आ रहे हैं।


संजीवनी अस्पताल परिसर : संजीवनी अस्पताल परिसर में इस बार भारत के प्राचीन शिक्षा केंद्र नालंदा विश्वविद्यालय की तर्ज पर पंडाल बनाया गया है। यहां की सजावट में बुद्धकालीन वास्तुशैली प्राचीन ग्रंथों और दीपमालाओं का उपयोग किया गया है।


गांधी गंज : गांधी गंज में मंदिर की आकृति में एक भव्य पंडाल तैयार किया गया है। आयोजकों के अनुसार यह पंडाल पूरी तरह से मंदिर जैसी अनुभूति दे रहा है। यहां आने वाले श्रद्धालु पूजा-अर्चना के साथ-साथ एक धार्मिक यात्रा का अनुभव भी कर रहे हैं।


हंडी चौक : हंडी चौक में इस बार पंडाल को जल और बादलों के समन्वय से सजाया गया है। यहां एक झीलनुमा वातावरण तैयार किया गया है, जिसमें कृत्रिम धुंध, रौशनी और पानी की बूंदों जैसा आभास हो रहा है। यह पंडाल आकर्षण का केंद्र बना हुआ है।


दरोगापारा : दरोगापारा में इस बार भी सबसे अलग और हट कर आकर्षक पंडाल बनाया गया है। वित्त मंत्री ओपी चौधरी के निवास से लगे इस पंडाल में विशेष लाइटिंग की गई है, जोकि रात में शोभायमान लग रही है। इस पंडाल को देखने हजारों की भीड़ लग रही है।

# खान विभाग के अधीन बालू घाट आने से राजस्व में आई गिरावट

हरिभूमि न्यूज ▸▸ राउरकेला

सुंदरगढ़ जिले के बालू घाट, पत्थर और मोरम मिट्टी खदान समेत लघु खनिजों का खनन अब राजस्व विभाग के बजाय खान विभाग के अधीन हो गया है। इसके बाद अवैध खनन माफिया सक्रिय हो गए हैं और बिना नीलामी के खनन तथा भारी वाहनों से परिवहन जारी है। इस कारण राजस्व विभाग का नियंत्रण लगभग समाप्त हो गया है।

2023-24 में जब लघु खनिज राजस्व विभाग के अधीन थे तब 21.63 करोड़ रुपए राजस्व प्राप्त हुआ था। वहीं 2024-25 में मात्र 2.50 करोड़ रुपए की वसूली हो पाई। जिले के 69 बालू घाटों में से 45 में खनन हो रहा है जबकि कुल 173 लघु खदानों में से 117 बंद और 60 चल रहे हैं।

इसमें 45 बालू घाट, 14 पत्थर खदान और एक मोरम मिट्टी खदान शामिल हैं। जानकारों के अनुसार विभिन्न क्षेत्रों में विभिन्न घाटों पर सिंडिकेट बनाकर बालू माफिया रेत निकालने के क्रम में खनन विभाग के कर्मचारियों से ही लगातार संपर्क में है। वहीं नाम न छापने के शर्त पर सिंडिकेट के ही एक सदस्य ने कहा कि यदि समय के अनुसार फोन कॉल रिकॉर्ड व व्हाट्सअप चेक किए जाएं तो फोन के आधार पर ही इन सिंडिकेट के साथ संलग्न खनन कर्मचारी व तहसील के विभिन्न राजस्व निरीक्षकों के संपर्क होने का खुलासा स्वतः ही हो जाएगा।

■ 22 करोड़ की जगह मात्र 2.50 करोड़ रुपए ही सरकारी खजाने में पहुंचे

इतना हीनहीं गाड़ियों को जब्त कर नाम मात्र जुर्माना के कारण वाहन मालिक भी अवैध लोडिंग से गुरेज नहीं करते। इसलिए यहां झारखंड राज्य के तर्ज पर राजसात कर गाड़ियां जब्त कर नीलामी का प्रावधान होने पर ही अवैध लोडिंग पर लगाम लग सकेगा।

### इन नदियों से हो रहा खनिज का परिवहन

नीलामी वाले और बिना नीलामी वाले खदानों में अवैध खनन के कारण कोयल, देव, ब्राह्मणी और शंख नदियों सहित अन्य नदियों से जेसीबी, पोकलेन, ट्रैक्टर हाइवा सहित अन्य वाहनों के माध्यम से खनिज का परिवहन हो रहा है। बारिश के दौरान भी मशीनों के द्वारा नदी से लगातार बालू निकालकर वृहद मात्रा में आपूर्ति जारी है। राजस्व मंत्री सुरेश पुजारी के निर्देश पर पानपोष अनुमंडल स्तर पर एनफोर्समेंट टीम गठित की गई है। राउरकेला खान विभाग के उप निदेशक विंबाधर सेठ ने बताया कि बालू और अन्य लघु खनिजों पर नजर रखने के लिए विशेष खान अधिकारी नियोजित हैं और अवैध खनन रोकने के लिए छापेमारी जारी है।



# कोल माइंस का विरोध, ग्रामीणों ने किया प्रदर्शन, सौंपा ज्ञापन

**रायगढ़।** कोल माइंस के विरोध में ग्राम पंचायत आमगांव के सैकड़ों ग्रामीण सोमवार दोपहर रायगढ़ कलेक्ट्रेट पहुंचे। कलेक्टर के नाम ज्ञापन सौंपकर 14 अक्टूबर को होने वाली जनसुनवाई को निरस्त करने की मांग की। ग्रामीणों का कहना है कि वे गांव की सरकारी, निजी और वन भूमि किसी भी कीमत पर कंपनी को नहीं देंगे।

दोपहर करीब 12 बजे आमगांव के ग्रामीण अंबेडकर चौक पर इकट्ठा हुए। यहां से वे प्लांट के खिलाफ नारेबाजी करते हुए रैली के रूप में कलेक्ट्रेट पहुंचे। ग्रामीणों ने बताया कि गारे पेलमा सेक्टर-1 ओपनकास्ट कम अंडरग्राउंड कोल माइंस के लिए ग्राम पंचायत आमगांव प्रभावित क्षेत्र में शामिल है। इस परियोजना के लिए 14 अक्टूबर को ग्राम धौराभांठा में पर्यावरणीय स्वीकृति के लिए जनसुनवाई प्रस्तावित है। ग्रामीणों ने कहा कि कोल माइंस से पर्यावरण को भारी नुकसान होगा। पहले भी प्लांट का विस्तार हुआ, लेकिन पुनर्वास नीति के तहत न तो उचित मुआवजा मिला और न ही रोजगार। अतिरिक्त कलेक्टर ने ग्रामीणों से ज्ञापन प्राप्त कर उचित कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद ग्रामीण रैली के रूप में पर्यावरण कार्यालय पहुंचे और वहां के अधिकारियों को भी ज्ञापन सौंपा।प्रदर्शनकारी राजेश त्रिपाठी और कन्हाई पटेल ने बताया कि आमगांव में ग्रामसभा कर प्रस्तावित कोल माइंस के विरोध का निर्णय लिया गया है। ग्रामीणों ने साफ कहा कि अब कोई नई परियोजना स्वीकार नहीं की जाएगी।

■ ग्रामीणों ने की जनसुनवाई निरस्त करने की मांग, कहा गांव की जमीन कंपनी को नहीं देंगे

# दिव्यांग बच्चों लिए वरदान बना उम्मीद संस्थान, 34 बच्चों की कर रहे सेवा

हरिभूमि न्यूज ▸▸ बरमकेला

बरमकेला में दिव्यांग बच्चों के लिए उम्मीद संस्थान एक वरदान बन चुका है, जहां मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के भविष्य की नई नींव बन रही है। बरमकेला के इस विशेष आवासीय विद्यालय में कुल 34 बच्चे रहते हैं, जिनकी भविष्य की बागडोर संस्थान के संचालक एसएस मोहंती और उनकी टीम के के हाथों में है।

इस संस्थान में स्पेशल एजुकेटर के रूप में अनिता दास हैं, जो बरमकेला का प्रभार देखती हैं। इनके साथ करुनाकर पटेल और इनकी पूरी टीम बच्चों को अच्छी शिक्षा दीक्षा देने में प्रयासरत रहते हैं। यह संस्थान 2017 से निरंतर मानसिक रूप से दिव्यांग बच्चों के लिए कार्य करते हुए उन्हे आवास, कपड़े, भोजन एवं अन्य सभी प्रकार की सुविधा उपलब्ध कराती है। इस संस्थान में विशेष गतिविधियों के माध्यम से बच्चों को सिखने के लिए प्रेरित किया जाता है। साथ ही यहां बरमकेला क्षेत्र के आसपास के बच्चे रहकर पढ़ाई के अलावा अन्य सभी गतिविधियों में सक्रिय होकर भाग लेते हैं।



### धूमधाम ने मनाया जाता है हर त्यौहार

यहां स्वतंत्रता दिवस, गणतंत्र दिवस, होली, दीपावली, कृष्ण जन्माष्टमी सहित हर त्यौहार धूमधाम व पूरे उत्साह के साथ मनाया जाता है। बच्चों को अच्छे से सिखने व अनुभव प्राप्त करने के लिए उन्हें विभिन्न प्रकार की गतिविधियों के द्वारा गणित, विज्ञान और अन्य विषयों का अध्ययन कराया जाता है।

### बच्चों के साथ बांट सकते हैं खुशी

जिस प्रकार शासकीय विद्यालयों में विशेष अवसर पर न्योता भोज का कार्यक्रम किया जाता है उसी प्रकार अगर कोई इच्छुक व्यक्ति अपने जन्मदिन या किसी विशेष अवसर पर या अन्य खुशी के अवसर पर इन बच्चों के बीच जाकर अपने खुशी के पल बांट सकते हैं।

# मां की पूजा-अर्चना से मिलती है शक्ति

**रायगढ़।** दक्षिण पूर्व मंडल रायगढ़ में सार्वजनिक पूजा समिति के तत्वाधान में आयोजित मां दुर्गा पंडाल का उद्घाटन करने के दौरान विधायक रायगढ़ वित्त मंत्री ओपी चौधरी ने कहा आयोजन का यह 64 वर्ष है। मां की पूजा अर्चना से शक्ति मिलती है। समिति से जुड़े पदाधिकारियों की सराहना करते हुए कहा माता रानी का दर्शन कर पूजन में शामिल होना अभूतपूर्ण क्षण है। मां दुर्गा अपनी असीम कृपा से प्रदेशवासियों पर सुख-समृद्धि और खुशहाली बरसाएं।



TOP IN RAIGARH
GURUKRIPA COLLEGE
ADMISSION GUIDENS 2025-26
SC/ST/OBC FEE Discount 20%

| SN. | Cours | Duration | Qualification |
|---|---|---|---|
| 1. | BMLT (बेचलर ऑफ मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 3 Year | 12th Bio |
| 2 | DMLT (डिप्लोमा इन मेडिकल लैब टेक्नीसियन) | 2 Year | 12th Bio |
| 3. | B.Sc Nursing (बेचलर ऑफ साइंस) | 4 Year | 12th Bio |
| 4. | OT (ऑपरेशन थियेटर असिस्टेंट) | 2 Year | 12th Bio |
| 5. | D. PHARMA (डिप्लोमा इन फार्मेसी) | 2 Year | 12th Bio & Maths |

Kamla Complex, Nehru Chowk, Bilaspur 07752-796378, 9329528463, 9329536742

वक्ष (स्तन) को सुडौल बनाए
नई तकनीक वेज़र द्वारा
स्कीन टाइटिंग व रिशेपिंग
(महिलाएं व पुरुष दोनों हेतु)
कालड़ा प्लास्टिक कॉस्मेटिक सर्जरी एवं बर्न सेंटर
आर.के.सी. के सामने, चौबे कालोनी एवं पचपेढ़ी नाका, धमतरी रोड, कलर्स माल के पास, रायपुर (छ.ग.)
9827143060/8871003060
छ.ग. शासन से मान्यता प्राप्त

SHREE NARAYANA HOSPITAL
Quality Health Care for All..
NABH ACCREDITED
न्यूरोलॉजी विभाग
- स्ट्रोक, लकवा, पैरालिसिस, चक्कर आना (वरटिगो)
- सरदर्द, माइग्रेन
- गर्दन दर्द (स्पाण्डयूलाइटिस) एवं कमर दर्द (साईटिका)
- मिर्गी/झटके की बीमारी, कम्पन्नवात् (पार्किन्सन डिसीज)
- 24x7 Dedicated Neuro ICU
- EEG, EMG, NCV, MRI, CT Scan 24x7

आयुष्मान स्वास्थ्य योजना, सी.जी.एच.एस., सभी कारपोरेट संस्थाओं एवं सभी इंश्योरेंस कंपनियों से ईलाज की सुविधा उपलब्ध
डॉ. सी.एम. सिंह
DM, Neurology
देवेन्द्र नगर, रायपुर (छ.ग.)
www.snh.org.in
9300373737

online Booking:-www.tripuryatra.com
स्लीपर मात्र 9,100/-
30 सितंबर 2025 तक बुकिंग कराने पर
11 सीटें शेष
रायपुर, बिलासपुर, चाम्पा, रायगढ़ से होकर
स्पेशल ट्रेन
04 अक्टूबर से 10 अक्टूबर 2025 (7 दिन)
गंगा सागर यात्रा
गंगा सागर, श्री जगन्नाथ पुरी, माँ कामाख्या देवी
ऑफर राशि : स्लीपर 9,100/-, 3 एसी-16,500/-, 2 एसी 21,500/- (+5% GST)
Since-2007
श्री त्रिपुर तीर्थ यात्रा सेवा समिति
RAIPUR- D-36 Sector-4 Kamal Vihar, KORBA- Shop No. 301,302,303 S.S. Plaza, Power House Road
संपर्क करें:- 7354-411411